बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं. : 0771- 4049410
ईमेल : brn.raipur@sansad.nic.in
brn.raipur@gmail.com

सत्यमेव जयते

क्रमांक 2612 / सांसद रायपुर लोकसभा /

रायपुर, दिनांक 03/01/2025

विषयः— सीमेंट उद्योगों द्वारा कार्टल बनाकर छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ाई जा रहीं सीमेंट की कीमत को वापस लेने विषयक।

—0—

माननीय महोदय,

मा. विष्णु देव जी

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ खनिज, लौह, कोयला, उर्जा संपदा से भरपूर प्रदेश है, इसके बावजूद भी सीमेंट कम्पनियों के संगठनों द्वारा बार—बार एक कार्टेल बनाकर सीमेंट के कीमतो में दिसम्बर 2024 से लगातार बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। सीमेंट कंपनियों का रवैया छत्तीसगढ़ की भोली—भाली जनता को लुटने व एकछत्र राज करने जैसा हो गया है। सीमेंट कंपनियों द्वारा बार—बार दरों में वृद्धि को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को सीमेंट फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कद्म उठाते हुए सीमेंट के बढ़ाये गए कीमत वापस कराकर आम जनता को राहत दिलाने की जरूरत है।

सीमेंट कम्पनियों को छत्तीसगढ़ में ही खदाने, कोयला, उर्जा, सस्ती बिजली, सस्ती एवं सुलभ श्रमिक उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ के सारे संसाधनों का इनके द्वारा दोहन किया जा रहा है। सीमेंट कम्पनियों को उत्पाद्न के लिए कच्चा माल से लेकर उर्जा तक सभी वस्तुऐं छत्तीसगढ़ में कम दरों पर उपलब्ध है। उसके बावजूद सीमेंट के कीमतों में वृद्धि सीधे—सीधे छत्तीसगढ़ की जनता के उपर भार है।

छत्तीसगढ़ में सीमेंट का प्रत्येक महीना लगभग 30 लाख टन (6 करोड़ बैग) उत्पादन किया जाता है जिसकी कीमतों में एकाएक खुले बाजार में 40 रूपये तक की प्रति बोरी के हिसाब से वृद्धि की गई है। प्रदेश में सभी सीमेंट कम्पनियॉ खुले बाजार में नवम्बर 2024 के पूर्व लगभग 260 रू. प्रति बोरी सीमेंट बेच रहे थे जिसे अचानक एक दिन में लगभग 310 रूपये कर दिया गया है। वहीं सरकारी एवं जनहित के प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाला सीमेंट 205—210 रूपये प्रति बोरी से बढ़ाकर 250 रूपये प्रति बोरी कर दिया गया है, जिसमें भी और वृद्धि की तैयारी है। सीमेंट की कीमतों में एकाएक ही लगभग 40—50 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि प्रदेश की जनता के उपर सीधा—सीधा आर्थिक बोझ है।

..2

Scanned with OKEN Scanner

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं. : 0771- 4049410
ईमेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 2612 / सांसद रायपुर लोकसभा /   रायपुर, दिनांक 03/01/2025

सीमेंट के कीमतों में एकाएक वृद्धि से राज्य में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, सड़क, भवन, पुल–पुलिया, नहर, स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी भवनों सहित गरीबों के लिए निर्मित पी.एम. आवास योजना में भी असर पड़ेगा । सारे शासकीय प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जायेगी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् गरीबों को घर बनाना दूभर हो जायेगा जो कि राज्य हित और देश हित दोनों के लिए उचित नहीं है।

सितम्बर में भी कंपनियों ने एकाएक सीमेंट की दरों में वृद्धि की थी जिस पर जनता का विरोध व. मेरे द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था, जिसके बाद सीमेंट के मूल्य वृद्धि को वापस लिया गया था। हमारी प्राथमिकता निर्माण क्षेत्र के साथ–साथ आम जनता की भलाई सुनिश्चित करना हैं। आपसे अनुरोध है कि सीमेंट की बढ़ी कीमतों को नियंत्रण करने के लिए शीघ्र और प्रभावी कदम उठाने संबंधितों को तत्काल निर्देश देने का कष्ट करेंगे जिससे दरों में वृद्धि तत्काल वापस हो सके।

<u>सादर</u>

(बृजमोहन अग्रवाल)

प्रति,

मान. मुख्यमंत्री जी
छत्तीसगढ़
रायपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner